# कार्यालय
# प्रमुख सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग
# उत्तर प्रदेश शासन

चतुर्थ तल, लाल बहादुर शास्त्री भवन सचिवालय, लखनऊ
दूरभाष संख्या : 0522-2239524,E-mail: psofficealokkumar@gmail.com

संख्याः 207/पीएसएमई/2022 दिनांकः 03 दिसम्बर, 2022

1. सचिव,
चिकित्सा शिक्षा विभाग

2. महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण

कृपया राज्य मिशन निदेशक, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, उ0प्र0 लखनऊ के संलग्न पत्र संख्या 74/एबीडीएम-यूपी2022 दिनांक 01 दिसम्बर 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। आप अवगत होंगे कि भारत सरकार के आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन में प्रत्येक नागरिक के हेल्थ रिकार्ड यूनिक आई0डी0 (आयुष्मान भारत हेल्थ एकाउण्ट-आभा) का सृजन किया जाना है। इसके सृजन के साथ-साथ हेल्थ फैसिलिटी का पंजीकरण एवं स्वास्थ्य क्षेत्र में कार्यरत कर्मियों का पंजीकरण किया जाना है।

इसी के साथ-साथ सभी मेडिकल कालेजों में हास्पिटल मैनेजमेण्ट इन्फार्मेशन सिस्टम (HMIS) लागू किया जाना है जिसका आंशिक रूप से क्रियान्वयन हो चुका है और शेष कार्य आगामी एक वर्ष में किया जाना है। उक्त के क्रम में निम्न दो बिन्दु दिया जाता है, जिसका परिपालन सुनिश्चित हो -

1. मेडिकल कालेज में सूचना एवं प्रौद्योगिकी योजना के क्रियान्वयन हेतु एक नोडल अधिकारी घोषित कर दिया जाए जिससे कि इससे संबंधित सभी बिन्दुओं पर समन्वित निर्णय लिया जा सके। कदाचित यह अनुभाग-1 अथवा अनुभाग-4 में स्थापित किया जाना चाहिए। इस पर शीघ्र निर्णय लेकर मेरे स्तर पर इसका आदेश निर्गत कर दिया जाए।

2. HMIS के क्रियान्वयन की योजना सं संबंधित कार्य डीजीएमई आफिस में डा0 सर्वेश द्वारा नोडल अधिकारी के रूप में देखा जा रहा है। कृपया डीजीएमई कार्यालय/डा0 सर्वेश को लिखित निर्देश दे दिए जायें कि मिशन निदेशक द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के क्रियान्वयन में व HMIS का क्रियान्वयन आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के फ्रेमवर्क में हो जिसका हर हाल में अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। इसके लिए मिशन निदेशक को पृथक से अनुरोध किया गया है कि वह HMIS के क्रियान्वयन में अपना योगदान देंगे। कृपया उनका सहयोग आवश्यक रूप से प्राप्त किया जाए।

संलग्नकः यथोक्त।

03.12.2022

प्रतिलपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यचवाही हेतु प्रेषित-
1. श्रीमती दुर्गा शक्ति नागपाल, विशेष सचिव, चिकित्सा शिक्षा विभाग।
2. राज्य मिशन निदेशक, आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन, उ0 प्र0 लखनऊ।

03.12.2022
(आलोक कुमार)
प्रमुख सचिव
चिकित्सा शिक्षा विभाग
उत्तर प्रदेश शासन।

JD (ABDM)
05/12/2022

संख्याः–74 / ए0बी0डी0एम0–यूपी2022
दिनांक–01 दिसम्बर, 2022

प्रेषक,

राज्य मिशन निदेशक,
आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन,
उ0प्र0 लखनऊ।

सेवा में,

प्रमुख सचिव,
चिकित्सा शिक्षा,
उ0प्र0 शासन।

महोदय,

अवगत कराना है कि भारत सरकार द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन दिनांक–27.09.2021 को शुभारम्भ किया गया है। जिसके अन्तर्गत प्रत्येक भारतीय नागरिक का एक यूनिक स्वास्थ्य आई0डी0 का निर्माण किया जाना है। इस यूनिक आई0डी0 (आयुष्मान भारत हेल्थ एकांउण्ट–आभा) के साथ उक्त व्यक्ति का इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड का सृजन किया जा रहा है। उक्त कार्य हेतु प्रत्येक चिकित्सालय एवं स्वास्थ्य संबंधित केन्द्रों का पंजीकरण हेल्थ फैसेलिटी रजिस्टर में किया जायेगा एवं प्रत्येक स्वास्थ्य कर्मी का पंजीकरण हेल्थ प्रोफेसनल रजिस्टर में किया जायेगा। यह भारत सरकार की प्राथमिकता वाले कार्यक्रमों में से एक है। उपरोक्त हेतु उत्तर प्रदेश राज्य में भी स्टेट मिशन का गठन किया गया है। इस कार्यक्रम के क्रियान्वयन हेतु अधोहस्ताक्षरी को मिशन निदेशक नियुक्त किया गया है।

यह कार्यक्रम चिकित्सा स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा के चिकित्सालयों हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण है। मुख्यतः इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड का सृजन चिकित्सालयों में ही होता है। इस कारण यह आवश्यक है कि दोनों विभाग के सभी चिकित्सालयों में आभा एवं इलेक्ट्रानिक हेल्थ रिकार्ड का सृजन, हास्पिटल मैनेजमेंट इनफार्ममेशन सिस्टम (एच0एम0आई0एस0) के माध्यम से सृजित हो। इस पूरी प्रक्रिया के सम्पादन हेतु राष्ट्रीय स्वास्थ्य अधिकरण द्वारा आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन की स्थापना की गयी है। आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन–उत्तर प्रदेश की पर्यवेक्षण में वर्तमान में इस कार्य का सम्पादन चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सालयों में किया जा रहा है। कुछ मेडिकल कालेजों में भी इस कार्य के सम्पादन में ए0बी0डी0एम0 द्वारा सहयोग दिया जा रहा है।

योजना कि सार्वभौमिक रूप से लागू किये जाने हेतु ए0बी0डी0एम0 को एन0एच0ए0 के गाईडलाइन के अनुरूप नोडल बनाया गया है। तत्क्रम में चिकित्सा शिक्षा

विभाग के सभी संस्थानों से ए0बी0डी0एम0 लागू करने हेतु मिशन का सहयोग करने हेतु निर्देशित करें।

कृपया उपरोक्त के क्रम में आवश्यक कार्यवाही करने का कष्ट करें।

भवदीय,

( डॉ0 मन्नान अख्तर )
राज्य मिशन निदेशक।

संख्या–74 / ए0बी0डी0एम0–यूपी2022–तद्दिनांक।
प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
2. निजी सचिव, सचिव, चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, उ0प्र0 शासन।
3. अनुभाग अधिकारी, चिकित्सा अनुभाग–8 उ0प्र0शासन।
4. गार्ड फाईल।

( डॉ0 मन्नान अख्तर )
राज्य मिशन निदेशक।